FORM N0. III

फर्द अहकाम

(नियम–26)

अज अदालत अतिरिक्त संभागीय आयुक्त मुकाम अजमेर

मोहम्मद कासम बनाम बशीर मोहम्मद

किस्म मुकदमा /अपील एल0आर0/नं0 32/सन् 2019 जिला भीलवाडा

तारीख हुक्म	हुक्म व कार्यवाही मय इनिशियल्स जज (2019/00036) श्री समीर अहमद	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
19.11.2019	पत्रावली पेश हुई। अपीलान्ट अभि0 श्री समीर अहमद उपस्थित। अपील दर्ज रजिस्टर की जावें। अपील एवं अपील के साथ प्रस्तुत दस्तावेजात का अवलोकन किया गया। बाद अवलोकन हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि प्रस्तुत अपील अधिनस्थ न्यायालय (उपखण्ड अधिकारी, शाहपुरा, जिला भीलवाडा) के प्रकरण संख्या 500/2016 उनवान बशीर मोहम्मद बनाम मोहम्मद कासम में दिनांक 14.12.2016 को निर्णय बाबत उपखण्ड अधिकारी कार्यालय, शाहपुरा द्वारा कमांक/राजस्व/2019/179 दिनांक 04.07.2019 को एक पत्र जारी कर तहसीलदार, शाहपुरा को यह निर्देश दिये गये कि पत्थरगढी प्रकरण संख्या 500/16 निर्णय दिनांक 14.12.2016 उनवान बशीर मोहमद बनाम मोहम्मद कासम में मौका पर्चा दिनांक 06.04.2017 को कुल 7 पत्थर गडवाना लिखा गया है, जबकि नजरी नक्शा में केवल 4 पत्थर ही दर्शाये गये है। तहसीलदार, शाहपुरा को न्यायालय आदेश दिनांक 14.12.2016 की विधि सम्मत पूर्ण पालना कर रिपोर्ट शीघ्र भिजवाने हेतु लिखा गया है। अभिभाषक अपीलांट द्वारा अधि0न्यायालय (उपखण्ड अधिकारी, शाहपुरा) के यहां प्रस्तुत प्रकरण सं0 500/2016 उनवान बशीर मोहम्मद बनाम मोहम्मद कासम में जारी आदेश दिनांक 12.12.2016 को चुनौती नहीं देकर उपखण्ड अधिकारी, शाहपुरा द्वारा जारी पत्र दिनांक 04.07.2019 को चुनौती दी है, जो प्रशासनिक आदेश होने के कारण पोषनीय नहीं होने से अपील खारिज की जाती है। आदेश सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। अतिरिक्त संभागीय आयुक्त अजमेर	

Scanned by CamScanner

Signature Not Verified
Digitally signed by Sattar Khan
Date: 2019.11.28 11:18:14
IST
Reason: SelfAttested